Title: Need for early construction of an overbridge on railway crossing at Bhitauni-Shahpura by-pass on Jabalpur-Bhopal National Highway No. 12, Madhya Pradesh.

श्री रामनरेश त्रिपाठी (सिवनी) : सभापति महोदय, राट्रीय राजमार्ग क्रमांक 12 जबलपुर-भोपाल मार्ग पर भिटौनी शाहपुर बाई पास मार्ग में रेलवे क्रॉसिंग पर ओवर ब्रिज बनाने की आवश्यकता है। राट्रीय राजमार्ग होने से इस मार्ग पर वाहनों का भारी आवागमन रहता है। शहपुरा-भिटौनी में रेलवे क्रॉसिंग के दोनों ओर भारत पैट्रोलियम का फिलिंग स्टेशन तथा इंडियन ऑयल का डिपो स्थित है जिस के कारण यात्री तथा माल गाड़ियों के अलावा पैट्रोलियम के रेक भी यहां अक्सर आते हैं तथा घंटों रेलवे फाटक बंद रहता है। दोनों और वाहनों की लम्बी कतारें लग जाती हैं जिससे यात्रियों को परेशानी होती है। मेरा भारत सरकार से आग्रह है कि इस रेल वे फाटक पर जन हित में अति आवश्यक मान कर शीघ्र ओवर ब्रिज का निर्माण कराने का कट करें।